मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 81 ■ शुक्रवार, 7 जून 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**कंगना को CISF महिला जवान ने थप्पड़ मारा !**

# ‘नोटा’ ने 71 प्रत्याशियों को पछाड़ा

## ठाणे, कल्याण, भिवंडी लोकसभा चुनाव में ‘नोटा’ को मिले 38 हजार 934 वोट

**कल्याण.** ठाणे, कल्याण और भिवंडी लोकसभा क्षेत्रों में 38 हजार 934 मतदाताओं ने 'नोटा' बटन दबाया क्योंकि चुनाव लड़ रहे किसी भी उम्मीदवार को प्राथमिकता नहीं दी गई। नोटा यानी 'इनमें से कोई नहीं' का बटन दबाकर मतदाताओं ने अपनी राय दर्ज करा दी है कि 79 उम्मीदवारों में से कोई भी उपयुक्त नहीं है. दिलचस्प बात यह है कि तीन निर्वाचन क्षेत्रों में 79 में से 71 उम्मीदवारों को नोटा से भी कम वोट मिले हैं।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है. मतदान करना मतदाता का अधिकार है। नागरिक इसी अधिकार का प्रयोग कर अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। हालाँकि, यदि चुनाव मैदान में उम्मीदवारों में से किसी एक को प्राथमिकता नहीं दी जाती है, तो वोट देने के अधिकार का प्रयोग करते समय इनकार के अधिकार को दर्ज करने के लिए 'नोटा' (उपरोक्त में से कोई नहीं) का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। इसके मुताबिक, तीन लोकसभा




क्षेत्रों ठाणे, कल्याण और भिवंडी से 38 हजार 934 मतदाताओं ने 79 उम्मीदवारों को खारिज कर दिया है.

### ठाणे में 17 हजार 901 मतदाताओं ने नोटा को पसंद किया

ठाणे लोकसभा क्षेत्र में 24 उम्मीदवार मैदान में थे. शिवसेना शिंदे गुट के नरेश म्हस्के और शिव सेना ठाकरे गुट के राजन विचारे के बीच लड़ाई थी। इस मुकाबले में नरेश म्हस्के ने 2 लाख 17 हजार 11 वोट हासिल कर राजन विचारे को हरा दिया. लेकिन इस विधानसभा क्षेत्र में 17 हजार 901 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाकर यह जता दिया कि उन्हें कोई भी प्रत्याशी पसंद नहीं है. इस क्षेत्र में 24 में से 22 उम्मीदवारों को पर्याप्त वोट नहीं मिल सके. जबकि 133 सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों ने पोस्टल वोट के जरिए नोट के प्रति अपनी प्राथमिकता बताई.

### कल्याण में 11,686 मतदाताओं ने नोटा को दिया वोट

कल्याण लोकसभा क्षेत्र में 28 उम्मीदवार चुनाव में खड़े हुए थे। इस निर्वाचन क्षेत्र में डॉ. श्रीकांत शिंदे और वैशाली दरेकर के बीच लड़ाई थी. इस लड़ाई में डॉ. श्रीकांत शिंदे ने दरेकर को 2 लाख 9 हजार 144 वोटों के अंतर से हराया. इस क्षेत्र में 11 हजार 686 मतदाताओं ने नोटा को वोट देकर प्रत्याशियों का विरोध किया. जबकि 26 उम्मीदवारों को नोटों से भी कम वोट मिले. यहां 83 सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने नोट के लिए पोस्टल वोट दिया.

### भिवंडी में नोटा को मिले 3 हजार 347 वोट

भिवंडी में 27 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा. इस निर्वाचन क्षेत्र में केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा उम्मीदवार कपिल पाटिल, राकांपा के बाल्यामामा म्हात्रे और स्वतंत्र उम्मीदवार नीलेश सांबारे के बीच त्रिकोणीय मुकाबला था। बाल्या मामा ने यह लड़ाई जीत ली. इसमें 3 हजार 347 मतदाताओं ने नोटा के पक्ष में वोट किया. जबकि 81 सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पोस्टल वोट के जरिए नोट को तरजीह दी. इस क्षेत्र में 23 प्रत्याशियों को नोटा से भी कम वोट मिले.

## राज्य में 8 सांसदों ने लगाई हैट्रिक

**उल्हासनगर.** राज्य में आठ सांसदों ने जीत की हैट्रिक लगाई है, वहीं महायुति के तीन सांसदों ने जीत की हैट्रिक बनाई है. नितिन गडकरी, श्रीकांत शिंदे, अरविंद सावंत, सुप्रिया सुले, श्रीरंग बार्ने, प्रतापराव जाधव, संजय जाधव, रक्षा खडसे 3 या उससे अधिक बार सांसद बने हैं. साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि चार महीने में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव को देखते हुए केंद्रीय मंत्री नारायण राणे, नितिन गडकरी को मंत्री पद का एक और मौका मिल सकता है.
राज्य में लगभग 8 सांसदों ने जीत की हैट्रिक लगाई है. नितिन गड़करी, डॉ. सांसद श्रीकांत शिंदे, अरविंद सावंत, सुप्रिया सुले, श्रीरंग बारने, प्रतापराव जाधव, रक्षा खडसे ने हैट्रिक बनाई है। संजय जाधव चौथी बार जीते हैं. इनमें महायुति के 5 और माविआ से चुने गए अरविंद सावंत, सुप्रिया सुले, संजय जाधव शामिल हैं। इस बार लोकसभा में कुल 31 नए चेहरे उतरेंगे. इनमें से ज्यादातर कांग्रेस के हैं, जबकि 17 अनुभवी सांसद हैं. अनुभवी सांसदों की हैट्रिक के अलावा उदयनराजे भोसले, नारायण राणे, दर्शील माने, सुनील तटकरे, अमोल कोल्हे, अनिल देसाई, संजय दीना पाटिल, गोयल शामिल हैं जबकि नए चेहरों में बहादुर मोहिते पाटिल, विशाल पाटिल, श्रीमंत शाह छत्रपति, प्रणीति शिंदे, शिवाजी कालगे, मुरलीधर मोहोल, नरेश म्हस्के, रवींद्र वायकर, हेमंत सावरा, सुरेश म्हात्रे, कल्याण काले, वसंतराव चव्हाण, श्याम बर्वे, अमर काले, वसंत शामिल हैं। वानखेड़े, स्मिता वाघ, सलाहकार। गोपाल पाडवी, शोभा बच्चव, अनुप धोत्रे ये 31 सांसद हैं जो संसद में शामिल होने जा रहे हैं.

# महेश गायकवाड़ को मिली जान से मारने की धमकी

■ फेसबुक पर मिली धमकी
■ विधायक गणपत गायकवाड़ ने की थी फायरिंग
■ हिललाईन पुलिस थाने में लगी थी महेश को गोली



**कल्याण.** शिवसेना कल्याण पूर्व शहर प्रमुख महेश गायकवाड को जान से मारने की धमकी दी गई है. यह धमकी दीपक कदम नाम के एक व्यक्ति ने फेसबुक अकाउंट से दी है और महेश गायकवाड़ ने कोलसेवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. इस मामले में कोलसेवाड़ी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. ज्ञात हो कि 2 फरवरी को बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड़ ने हिललाइन पुलिस स्टेशन में महेश गायकवाड़ पर फायरिंग की थी जिसमें वो 6 गोलियां लगने के बाद बुरी तरह घायल हुए थे।

महेश गायकवाड को सांसद श्रीकांत शिंदे का करीबी माना जाता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। गायकवाड को धमकी देने वाला कदम नामक शख्स कौन है? उसने ऐसी धमकी क्यों दी? यह जांच के बाद ही पता चल पाएगा। कदम ने धमकी में लिखा है कि विधायक गायकवाड़ ने चार गोली मारी थी मैं आठ गोली मारूंगा। यह खबर आग की तरह शहर में फैल गई है।

# मशीन में फंसने से मजदूर की मौत

■ पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया



उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ आनंद नगर औद्योगिक क्षेत्र में मशीन में फंसने से एक मजदूर की मौत हो गई है. शिवाजी नगर पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है. आनंद नगर स्थित मैकेनिकल एस. वी. कंपनी में सोमवार शाम 6.30 बजे काम कर रहे सुग्रीओ प्रजापति (34) का मशीन में पहले हाथ फंस गया. बाद में कपड़े फंस जाने के बाद प्रजापति की मौत हो गई.

शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक भगत स्वतः कंपनी में गए और जांच करने के बाद बताया कि प्रजापति इस कंपनी में 8 वर्षों से काम कर रहा था. कंपनी प्रशासन ने मजदूर के लिए काम करते समय सुरक्षा उपाय का प्रबंध नहीं किया था अथवा मजदूर की किसी गलती के कारण उसकी मौत हुई है. इसकी जांच पुलिस कर रही है.

कंपनी प्रशासन ने कहा है कि वह मृतक मजदूर प्रजापति के परिवार को आर्थिक सहायता करेंगे. आनंद नगर एमआईडीसी में कई ऐसी कंपनियां हैं, जहां मजदूरों के लिए सुरक्षा उपाय नहीं किए गए हैं, जिसके कारण ऐसी दर्दनाक घटनाएं होती रहती हैं.

# आयुक्त अजीज शेख को मिला 2 साल का एक्सटेंशन

■ सेवानिवृत्ति से पहले आईएएस की सफलता
■ राज्यभर में हो रही चर्चा






**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त अजीज शेख ने अपनी सेवानिवृत्ति के लिए एक सप्ताह शेष रहते हुए आईएएस चार्टर परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए दृढ़ संकल्प और दृढ़ता का एक प्रेरक उदाहरण पेश किया. साथ ही दो साल का सेवा विस्तार प्राप्त किया. महाराष्ट्र सरकार ने उल्हासनगर मनपा के आयुक्त के रूप में फिर से नियुक्त किया है। इसलिए फिलहाल वह इस पद पर बने रहेंगे.

महाराष्ट्र सरकार के सामान्य प्रशासन (सेवा) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गद्रे ने एक आधिकारिक पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने अधिसूचना के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में अगले आदेश तक परिवीक्षाधीन नियुक्ति की है. भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन द्वारा नियुक्ति मिलने के बाद सरकार ने उन्हें उल्हासनगर मनपा आयुक्त के वर्तमान पद पर नियुक्त किया है. इसका उल्लेख इस पत्र में किया गया है.

अजीज शेख 1994 बैच के अधिकारी हैं. उन्होंने 13 जुलाई 2022 को आयुक्त का पदभार संभाला था। वे 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन उससे पहले, अजीज शेख ने राज्य स्तरीय ऑनलाइन लिखित परीक्षा में टॉप किया. शेख को 281 अधिकारियों में से 13वां स्थान मिला। दिल्ली में होने वाली यूपीएससी बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 20 अधिकारी उत्तीर्ण हुए। इनमें अजीज शेख भी शामिल थे। इस परीक्षा का परिणाम 24 मई को घोषित किया गया और इसमें उत्तीर्ण होने वाले अजीज शेख को आईएएस नियुक्त किया गया। जैसे ही अजीज शेख आईएएस बने और उन्हें दो साल का एक्सटेंशन मिला.

महाराष्ट्र शहरी प्रशासनिक सेवा अधिकारी संघ (प्राथमिक अधिकारी संघ) के अध्यक्ष गणेश देशमुख, महासचिव डॉ. प्रशांत रसाल, कोषाध्यक्ष जमीर लेंगरेकर, पूर्व आयुक्त सुधाकर देशमुख, साथ ही देवीदास टेकाले, विजय कुमार म्हसल, प्रशांत रोडे, तृप्ति सांडभोर, मंगेश चितले, अश्विनी वाघमले, भालचंद्र बेहरे जैसे 35 अधिकारी उल्हासनगर आए और अजीज शेख का सम्मान किया।

## अंबरनाथ नपा प्रशासन व नेता पर्यावरण दिन को भूल गए

■ 5 जून को नहीं हुआ वृक्षारोपण

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में 5 जून को पर्यावरण दिवस पर नपा प्रशासन, किसी भी दल के नेता, पूर्व नगरसेवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा उदासीनता देखी गई. जीते उम्मीदवार के लए गुलाल उड़ाकर नेताओं ने जश्न तो मनाया लेकिन किसी ने एक पौधा लगाने को प्राथमिकता नहीं दी. 4 जून को लोकसभा चुनाव नतीजे देखने में लोग मग्न रहे, तो 5 जून को किसी ने पर्यावरण दिवस पर ये नहीं सोचा कि हमारे नेता के जीतने की खुशी में वृक्षारोपण भी किया जाए. पेड़ों की कमी के कारण ग्लोबल वार्मिंग से हमारी धरती पर सूखा बढ़ते ही जा रहा है, जिसके कारण गरमी का पारा दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है. लोगों का जीना मुश्किल हो गया है. ये एक गंभीर समस्या है. अभी भी कुछ बिगड़ा नहीं है. कुछ ही दिनों बाद बारिश शुरू होने वाली है. उससे पूर्व हमें वृक्षारोपण करना चाहिए. अंबरनाथ नपा प्रशासन को भी इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. हमारे नेताओं को भी इसके लिए आगे आना होगा. वृक्षारोपण मुहिम को शुरू करना होगा. नहीं तो एक दिन ऐसा आएगा कि तापमान 50 से 55 डिग्री तक चला जाएगा और लोगों की मौतों का सिलसिला शुरू हो जाएगा. हम सबको 5 जून को पर्यावरण दिवस को भूलना नहीं चाहिए.

# पर्यावरण दिवस पर पेड़ों की हत्या

**पर्यावरण प्रेमियों में नाराजगी**

■ उल्हासनगर के बांधकाम व्यवसायी कर रहे पेड़ों की हत्या
■ क्या पुलिस प्रशासन कार्रवाई करेगा?



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में आए दिन बांधकाम व्यवसायी द्वारा पेड़ों की हत्या की जाती है लेकिन पुलिस प्रशासन इसे अनदेखा कर रहा है। ज्ञात हो कि विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन रोड, काजल पेट्रोल पंप के पास बालानी कॉम्प्लेक्स के सामने एक बड़ा निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन निर्माण के दौरान दीवार से सटा हुआ एक बड़ा पेड़ था, जिससे कोई छेड़छाड़ न हो, उस पेड़ को बिना किसी अनुमति के काट दिया गया. खास बात यह है कि इस पेड़ को दिन के उजाले में काटा गया। आज विश्व पर्यावरण दिवस पर इसी की तरह कैम्प 4 नेताजी स्कूल के पीछे काटा गया। पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़ों की हत्या करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# अंबरनाथ में जगह-जगह कचरे का ढेर



■ कई घंटागाड़ी बंद
■ शहरवासियों का स्वास्थ्य खतरे में
■ नपा प्रशासन चुप, शहरवासी परेशान

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में घंटा गाड़ी के कई परिसर में नहीं जाने के कारण शहरवासी सड़कों पर कचरा फेंक रहे हैं. कचरा उठानेवाले वाहन भी तीन से चार दिन तक नहीं आने के कारण कचरे का ढेर शहर में जगह-जगह दिखाई दे रहा है. कचरे पर मक्खियां भिनभिनाती देखी जा रही है. शहर पश्चिम में गांव देवी मंदिर के नाले के किनारे पर कचरे का ढेर सड़क तक आ गया है. ये कचरा नाले के अंदर जा रहा है. सामाजिक कार्यकर्ता बिलाल इंजीनियर का कहना है कि अगले हफ्ते से बच्चों के स्कूल शुरू हो रहे हैं. इस सड़क से सैकड़ों विद्यार्थी स्कूल आते-जाते हैं. इन बच्चों के स्वास्थ्य को धोखा हो गया है. क्योंकि यहां पर हमेशा कचरे का ढेर दिखाई देता है. पश्चिम स्टेशन चौक पर भी गुरुवार सुबह से कचरे का ढेर दिखाई दिया. कोहोजगांव चौक के अलावा शहर पूर्व में भी कई जगहों पर तीन-तीन दिन तक कचरा नहीं उठाया जा रहा है. घंटा गाड़ी 3-4 दिन में एक बार आ रही है. मुख्याधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इसकी कोई चिंता नहीं है. नपा प्रशासन द्वारा दिया गया समीक्षा कंस्ट्रक्शन को ठेका समाप्त हुए 2 वर्ष हो गए हैं. नया ठेका नहीं देने के कारण ठेकेदार मनमानी कर रहा है. जिसके कारण शहर में कचरे का ढेर दिखाई दे रहा है. घंटा गाड़ी भी बंद है. मुख्याधिकारी को चाहिए कि वह इस मसले का हल जल्द से जल्द निकाले.

# मतदान केंद्रों पर अव्यवस्था का रहा आलम



कल्याण. कल्याण लोकसभा चुनाव के लिए हुई मतगणना के दौरान डोंबिवली स्थित मतदान केंद्र पर प्लानिंग की कमी देखी गई. भले ही पूरे राज्य का ध्यान कल्याण लोकसभा क्षेत्र पर केंद्रित था लेकिन हभप सावलाराम म्हात्रे खेल परिसर स्थित केंद्रों पर सुबह आधे घंटे बाद भी वोटों की गिनती शुरू नहीं हुई थी. इससे सभी के बीच चर्चा होने लगी। मतगणना केंद्रों पर कोई भी व्यवस्था ठीक से नहीं पाई गई। प्लानिंग की काफी कमी थी. साथ ही यहां शुरुआत में वोटों की गिनती के लिए कोई घोषणा भी नहीं की गई. चूँकि इंटरनेट सुविधा भी बहुत ख़राब थी इसलिए कई बार नेट बंद हो जाता था।

### पत्रकारों के बीच भ्रम का माहौल

अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन की ओर से उचित सहयोग नहीं मिलने के कारण पत्रकारों के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया. इस संबंध में पत्रकारों द्वारा मतगणना केंद्र के बाहर धरना देने के बाद चुनाव प्रशासन की बदइंतजामी देखने को मिली

इस बीच कल्याण लोकसभा की चार मशीनों में तकनीकी खराबी आ गई. लोकसभा समेत तीन विधानसभाओं की चार ईवीएम मशीनों में तकनीकी खराबी आ गई.

कल्याण पूर्व में दो मशीनें और डोंबिवली और कल्याण ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों में एक-एक मशीन खराब हो गई थी। चुनाव निर्णय अधिकारी सुषमा सातपुते ने सामने आकर संज्ञान लिया और सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया। लंबे समय बाद ये सुविधाएं बहाल हो सकीं। कुल मिलाकर कल्याण लोकसभा की तरह पूरे राज्य की निगाहों में रहने वाले चुनाव मतगणना केंद्र पर प्रशासन का लचर प्रबंधन देखने को मिला.

# नवनिर्वाचित सांसद संजय दीना पाटील को बधाई पहुंचे गंगोत्री



**उल्हासनगर.** उद्धव बालासाहेब ठाकरे उत्तर पूर्व मुंबई लोकसभा क्षेत्र से महाविकास आघाडी (शिवसेना) के फिर से चुने गए सांसद संजय दीना पाटील (भाऊ) को बधाई देने उनके करीबी मित्र उल्हासनगर राकांपा जिलाध्यक्ष भारत राजवानी (गंगोत्री) पहुंचे।

उनके साथ राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विकास खरात, आकाश प्रेमचंदानी, किरण होतवानी, देव राजवानी, पूरब राजवानी, विपुल मयेकर, विजय, जीतू तेजवानी आदि उपस्थित थे।

# नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से चल रहे अवैध धंधे




**उल्हासनगर.** महज 13 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले उल्हासनगर शहर में तमाम कानून-कायदों को ताक पर रखकर अनगिनत अवैध धंधे चल रहे हैं। शहर में अवैध डांस बार, हुक्का पार्लर, ड्रग्स, गांजा आदि की बिक्री, अवैध शराब की बिक्री सहित कई अवैध कारोबार हैं। इसके साथ ही शहर में देह व्यापार का धंधा भी वर्षों से फल-फूल रहा है. ऐसे में सोशल मीडिया पर चर्चा है कि शहर के सितारा लॉज में पूरी रात अनैतिक धंधा चलता है. यह बात भी सामने आई है कि इस अवैध कारोबार में शहर के कुछ नेता भी परोक्ष रूप से शामिल हैं. इस अवैध कारोबार में लगा है नेताओं का काला धन! शायद इसीलिए कोई भी राजनीतिक दल इस अवैध कारोबार पर साफ-साफ बोलने को तैयार नहीं है. शहर में चर्चा है कि शहर में देह व्यापार के धंधे को कुछ नेता और पुलिस संरक्षण दे रही है.

### एक कॉल की दूरी पर धार्मिक स्थल

उल्लेखनीय है कि यह लॉज गुरु नानक गौशाला के पास स्थित है। सिंह दरबार के भी करीब है जहां दैनिक भोजन प्रसाद और धार्मिक कार्यक्रम होते हैं, और यह शहर के पवित्र हीराघाट और भव्य शिव मूर्ति से केवल कुछ ही कदम की दूरी पर है। यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रार्थना करने आते हैं, जिनमें अधिकतर लोग शामिल होते हैं।

### पुलिस की कार्रवाई पर नागरिकों का ध्यान

पिछले दिनों सितारा लॉज में एक सामाजिक कार्यकर्ता ने एक स्टिंग ऑपरेशन भी किया था। इस बीच स्थानीय दुकानदार भी पुलिस विभाग से इस कारोबार को बंद कराने की मांग कर रहे हैं. ऐसे में अब नागरिकों की नजर इस बात पर है कि स्थानीय सेंट्रल पुलिस इस लॉज के मालिक के खिलाफ कब कार्रवाई करेगी.

उल्हासनगर कैंप 3, सेक्शन 17 कैंप 4 की ओर जाने वाली सड़क पर हाल ही में खुले सितारा लॉजिंग बोर्डिंग में स्थानीय निवासियों की शिकायत है कि पिछले दो महीने से वेश्यावृत्ति के लिए विदेश से लड़कियां लाई जा रही हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था.

00

## सिलेंडर में ब्लास्ट, 9 लोग घायल

**मुंबई.** चेंबूर इलाके में एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट हुआ है. इस हादसे में 9 लोग घायल हुए हैं. ब्लास्ट के बाद चेंबूर के सिद्धार्थ नगर में जैन मंदिर के सामने एक चॉल में सिलेंडर ब्लास्ट के बाद आग लग गई. ब्लास्ट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया है. हालांकि आधे घंटे से भी कम समय में आग बुझा दी गई.

छह लोगों को राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया और कुछ अन्य को आसपास के सायन, शताब्दी और मानेक अस्पतालों में ले जाया गया. 56 वर्षीय रमेश गायकवाड़ 60 फीसदी जल गए हैं और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है.

**जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो। फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता। – महात्मा गौतम बुद्ध**

उल्हास विकास
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

## नोटा का बटन बना सिर्फ दिखावा

इस बार के चुनाव में पहली बार नोटा ने लोगों का ध्यान खींचा। उसकी प्रासंगिकता पर चर्चा शुरू हो गई। इंदौर की लोकसभा सीट पर दो लाख से अधिक लोगों ने नोटा का बटन दबाया। नोटा यानी ऊपर में से किसी को नहीं। यानी जो मतदाता किसी भी प्रत्याशी को पसंद नहीं करते, वे अपना मत नोटा के रूप में दर्ज कराते हैं। इस तरह मतदान मशीन में नोटा एक तरह से स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में उपस्थित होता है। पहले की अपेक्षा इस बार कई जगहों पर नोटा को बड़ी संख्या में मत प्राप्त हुए।

इंदौर में इस बटन को कुछ अधिक लोगों ने इसलिए दबाया कि पर्चा वापसी के आखिरी दिन कांग्रेस के प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस ले लिया। इससे पहले सूरत में भी कांग्रेस के एक प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस ले लिया था। तब भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध चुन लिया गया था। उस वक्त कहा गया था कि इस तरह मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता, नोटा भी एक प्रत्याशी होता है।

दरअसल, नोटा का विकल्प देने के पीछे एक लंबी लड़ाई चली थी। काफी समय से मांग उठ रही थी कि अगर किसी जनप्रतिनिधि से लोग खुश नहीं हैं, तो उन्हें उसे हटाने का अधिकार मिलना चाहिए। जिस तरह प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है, उसी तरह मतदाता को उसे हटाने का भी अधिकार मिलना चाहिए। मगर उस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। फिर यह भी कहा गया कि बहुत सारे लोग किसी भी प्रत्याशी को पसंद नहीं करते, मगर मताधिकार का प्रयोग करते हुए उन्हें किसी न किसी को मत देना ही पड़ता है।

ऐसे में यह विकल्प भी होना चाहिए कि वे हर प्रत्याशी को नकारने का मत दे सकें। इसी मांग के तहत विकल्प के रूप में नोटा शुरू किया गया। मगर इस विकल्प का कोई निर्णायक महत्त्व नहीं है। अगर इसे लेकर कोई स्पष्ट नियम बन जाए कि कितने प्रतिशत लोगों के नोटा का विकल्प चुनने पर नए सिरे से चुनाव कराने होंगे, तब तो इसका महत्त्व होगा, नहीं तो यह महज दिखावे का एक बटन बना रहेगा। इसलिए अभी तक नोटा का कोई प्रभाव नजर नहीं आता।

# सुनी जाए मतदाता के भी मन की छोटी सी बात

लोकतंत्र का जादू 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों में अभिव्यक्त हुआ है। यह जनादेश दरअसल एक ऐसे अभियान से उपजी आशंकाओं का प्रतिबिंब है, जो विचारों पर कम और पहचान व विचारधारा पर अधिक केंद्रित रहा। यह जनादेश कई अनुभवों का मिला-जुला रूप है। इसमें उन माता-पिता के अनुभव शामिल हैं, जिन्होंने अपने बच्चों को इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाने के लिए लाखों रुपये खर्च किए, फिर भी अपने बच्चों को नौकरी के लिए संघर्ष करता हुआ देख रहे हैं। उन लोगों का अनुभव, जिन्होंने महामारी के दौरान अपने प्रियजनों को खो दिया। उन लोगों का अनुभव, जो सब्जियों व ईंधन की बढ़ती कीमतों के बावजूद सीमित आय से अपना घर चलाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। उन किसानों का अनुभव जो खेती की बढ़ती लागत और खेतों से होने वाली आय में गिरावट का सामना कर रहे हैं और उन भाई-बहनों का अनुभव भी शामिल है, जो पेपर लीक का शिकार हुए।

यह जनादेश राजनेताओं को अंतर्दृष्टि देता है, तो सवाल भी पूछता है। चुनाव अभियान के दौरान तीन बच्चों की मां ने पूछा, 'क्या मुझे इस तथ्य पर वोट देना चाहिए कि डेढ़ हजार रुपये मेरे खाते में आ रहे हैं, या इस पर कि मेरा बेटा व बेटी दोनों बेरोजगार हैं।' देश की जनता ने एक शानदार फैसला सुनाया है। वर्ष 2004 में चुनावी नतीजों के तुरंत बाद लालकृष्ण आडवाणी ने जनादेश की राज्य के जनादेशों के सामूहिकीकरण के तौर पर परिभाषित किया था। इस तरह से देखें, तो 2024 के चुनावी नतीजे



एक तरह से आय के पिरामिड के सबसे निचले स्तर पर स्थित लोगों की, जो सरकारी योजनाओं पर निर्भर भी हैं, गंभीर हताशाओं के समूह भी हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार किया और कई राज्यों ने भी महिलाओं की आय में मदद करने वाली योजनाएं शुरू कीं। उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, सबसे बड़ी स्वास्थ्य देखभाल योजना, सबसे बड़ा किसान सहायता कार्यक्रम, सबसे बड़ी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और सब्सिडी वाली आवास योजना चलाता है।

उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल-सबसे ज्यादा सीटों वाले जिन राज्यों के नतीजों में भाजपा की संख्या में गिरावट दिखी, वह दरअसल यहां के उन लोगों की अधूरी इच्छाओं का समूह ही है, जो आजीविका कमाने की अपनी क्षमता में सम्मान और पहचान चाहते हैं। पिछले तीन साल में हुए हर जनमत सर्वे में बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे को रेखांकित किया गया। भाजपा ने विभिन्न स्रोतों के आंकड़ों का इस्तेमाल किया और तर्क दिया कि नौकरियां पैदा हो रही हैं। नौकरियां पैदा हो रही हैं, इससे कोई इन्कार नहीं है, लेकिन उसी तरह इससे भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि जो नौकरियां हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं। सबसे बुरी बात यह है कि केंद्र व राज्यों में तीस लाख से ज्यादा सरकारी पद खाली हैं, जो बेरोजगारी को लेकर तमाम शिकायतों के बावजूद भरे नहीं गए हैं। आय व रोजगार क्षेत्र की कमजोर वृद्धि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों में भी दिखती है। यह सच है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। यह भी सच है कि इस वृद्धि ने बीते मई में शेयर बाजार को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। लेकिन यह भी सच है कि जब हमारी अर्थव्यवस्था आठ फीसदी से ज्यादा की दर से बढ़ रही है, निजी अंतिम खपत, जो उपभोक्ताओं की उपभोग करने की क्षमता और इच्छा की माप है, महज चार फीसदी की दर से बढ़ रही है।

यह समृद्धि और अभाव के बीच के अंतर का प्रतिबिंब है। भारत के लिए चुनौतियों और अवसरों को रेखांकित करने वाला महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि देश का 45 फीसदी कार्यबल कृषि में लगा है और यह इतनी बड़ी आबादी राष्ट्रीय आय के महज छठे हिस्से पर निर्भर है। यह वास्तविकता राज्यवार वास्तविक प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों में परिलक्षित होती है।



नम्रता इस बात का चिह्न है कि हम जान गए हैं कि हमारे अंदर एक उच्चतर सत्ता मौजूद है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# NDA में सहयोगी दलों का समायोजन और मांग



राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने सर्वसम्मति से नरेंद्र मोदी को अपने गठबंधन का नेता चुन लिया है। इसके साथ ही लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालने की दिशा में उन्होंने एक और कदम आगे बढ़ा दिया। दरअसल, इस बार के आम चुनाव में खंडित जनादेश मिला है। किसी भी राजनीतिक दल को पूर्ण बहुमत हासिल नहीं हो सका है। सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों ने गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। भाजपा की अगुआई वाले गठबंधन, राजग, को जरूरी बहुमत से कुछ अधिक सीटें प्राप्त हुई हैं, इसलिए वह सरकार बनाने का दावा पेश करने जा रहा है। चूंकि भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है, और उसके गठबंधन के पास अस्पष्ट बहुमत है, इसलिए सरकार बनाने का दावा वाजिब है। कांग्रेस की अगुआई वाले इंडिया गठबंधन ने सरकार बनाने के सवाल पर संकेत दिया है कि फिलहाल वे किसी जोड़-तोड़ में नहीं जुटेंगे और सही समय का इंतजार करेंगे। इससे पहले खबरें आई थीं कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू शायद सैद्धांतिक आधार पर राजग के साथ जाने से इनकार कर दें और इसका फायदा इंडिया उठा ले। लेकिन भाजपा की अगुआई वाले गठबंधन की सरकार बनने की राह स्पष्ट हो गई है। पर यह भी तय है कि इस बार भाजपा का गठबंधन के सहयोगियों के साथ वही व्यवहार नहीं रह पाएगा, जो पहले की दो सरकारों के समय देखा गया।

इस बार भाजपा को अकेले दम पर बहुमत हासिल नहीं है। उसे सरकार चलाने के लिए हर समय सहयोगी दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा। पिछली दो सरकारों के समय भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत था, इसलिए उसे इस बात की चिंता नहीं थी कि सहयोगी दल किसी मोड़ पर उसकी बांह मरोड़ सकते हैं। इस बार वैसी निश्चिंतता नहीं रहेगी। एक तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधते हुए चलने जैसा होगा। जरा-सा भी असंतुलन खतरनाक साबित होगा। फिर, जिन दो दलों- तेलगु देसम पार्टी और जद (एकी) के पास सरकार चलाने के लिए निर्णायक सीटें हैं, उनके साथ संतुलन साधना सबसे अहम होगा। इन दोनों दलों के नेताओं यानी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के भाजपा के साथ सैद्धांतिक मतभेद पहले कई बार उजागर हो चुके हैं। वे बीच में भाजपा का साथ छोड़ कर अलग राह पकड़ चुके हैं। इसलिए उन्हें लेकर भरोसेमंद दावा कोई नहीं कर सकता। वे कब किस फैसले से नाराज हो जाएं, कहना मुश्किल है। ऐसे में भाजपा के लिए उनके साथ लगातार संतुलन साधते रहना होगा।

राजग की पिछली दो सरकारों के कामकाज के तरीके और फैसलों को लेकर अनेक आपत्तियां उठती रही हैं। नई सरकार में घटक दलों की बात सुनना जरूरी होगा। अपेक्षा की जाती है कि इस बार मंत्रिमंडल का गठन कुछ इस तरह से होगा कि उसमें घटक दलों की मांगों को समायोजित करना होगा। हर सहयोगी दल अपने समर्थन की बड़ी कीमत मांगेगा। उसमें अगर पदों और विभागों के बंटवारे में असंतुलन होगा, तो असंतोष भी उभरेगा और उसका असर सरकार के कामकाज पर नजर आने लगेगा। पिछली सरकारों के समय कई महत्त्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणाएं की गई थीं, वे तभी लागू होंगी और गति पा सकेंगी, जब विभागों के बंटवारे में संतुलन होगा। फिर, हर सहयोगी दल की अपनी क्षेत्रीय प्राथमिकताएं भी हैं, वे उन्हें ऊपर रखना चाहेंगे, इसलिए नई सरकार से हर स्तर पर संतुलन साधने की दरकार होगी।

# मछुआरे के जाल में फंसी 125 किलो की मछली

**जरा हट के**

ये दुनिया गजब की. यहां जो न हो वो थोड़ा. मधुबनी में मछुआरे के जाल में एक या दो नहीं बल्कि पूरे 125 किलो की मछली फंस गयी. आप अंदाज लगा सकते हैं कि जाल और मछुआरे का क्या हाल हुआ होगा.

मधुबनी के झंझारपुर में मछुआरे रोज की तरह मछली पकड़ रहे थे. हरिकिशोर साहनी और सुधन साहनी मछली मारने नदी की नहर में जा रहे थे. तभी उन्हें अहसास हुआ कि नदी में कुछ भारी भरकम जीव है. उन्होंने वहां मौजूद मल्लाहों की टोली को पुकारा. सब फौरन वहां आ गए. सबने मिलकर प्रयास किया. जाल डाला तो नदी से 125 किलो की मछली फंस गयी. ये खबर लिखे जाने तक मछली की प्रजाति की पहचान नहीं हो पायी थी.

खबर जंगल में आग की तरह फैल गयी. लोग कौतूहल में थे. खबर सुनते ही सब नदी की तरफ दौड़ पड़े. स्थानीय लोगों के साथ आस पास के लोग भी इस मछली को देखने आने लगे. अपने अपने हिसाब से इसकी बोली तय करने लगे. लेकिन मछुआरों ने इसकी बोली लगाने से मना कर दिया. इसके बाद मछली लेकर सुधन साहनी के दरवाजे पर आ गए. फिलहाल मछली उनके घर पर एक बाथटब में पड़ी हुई है.



नदी में मछली की तलाश में कूदे मछुआरे जब इसके करीब पहुंचे तो उन्हें पानी में कुछ भारी होने सा एहसास हुआ. उन्होंने और मछुआरों को बुलाकर मछली पकड़ने की कवायद तेज कर दी. पहली नजर में वो धोखा खा गए थे. सुधन साहनी बताते हैं इस मछली पर काबू पाने के लिए लगभग 10 मल्लाह लगे. उसके बाद इसे जाल में फांस कर बाहर निकाला गया. बाहर निकालने पर मछुआरों ने इसका वजन किया तो यह मछली 125 किलो के आसपास की थी.




# झटपट बनाएं दही पोहा

**दिन की हेल्दी और गिल्ट-फ्री शुरुआत करने के लिए पोहा सबसे बेस्ट होता है। इसे बनाने के लिए न तो लंबी-चौड़ी सामग्री की जरूरत होती है और न ही शरीर को इसे पचाने में ज्यादा तकलीफ होती है। गर्मियों के इस मौसम में यह एक बेहतरीन नाश्ता है, जिसे आपको भी जरूर खाना चाहिए। ऐसे में, आइए आज आपको बताते हैं कि नाश्ते या शाम की हल्की-फुल्की भूख में बनाकर खाए जाने वाले दही पोहा की आसान रेसिपी।**

### सामग्री :

- पोहा- 50 ग्राम
- दही- 100 ग्राम
- गुड़- 20 ग्राम
- दूध- 2 बड़े चम्मच
- इलायची पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
- अनार- 1/2 कप

### विधि :

दही पोहा बनाने के लिए सबसे पहले पोहे को पानी में अच्छी तरह से धोकर अलग रख दें।

फिर गुड़ को लेकर अच्छी तरह से क्रश कर लें।

इसके बाद एक बाउल में दही और गुड़ डालकर अच्छी तरह से घुलने तक मिला लें।

अब इसमें इलायची पाउडर डालें और अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद इसमें भीगा हुआ पोहा डालें और अच्छे से मिला लें।

अब इस तैयार मिश्रण को थोड़े समय के लिए फ्रिज में रखकर ठंडा कर लें। बस तैयार है आपका मीठा दही पोहा। अनार के दानों से गार्निश करके ठंडा-ठंडा परोसें।



# ब्लैकहेड्स हटाने के लिए इस्तेमाल करें ये तीन चीजें

**गर्मी के मौसम में त्वचा संबंधी कई परेशानियां सामने आने लगती हैं, जिससे छुटकारा पाने के लिए लोग हजारों-हजारों रुपये खर्च करके स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं। इस मौसम में ज्यादातर लोग मुहांसों और ब्लैकहेड्स से परेशान रहते हैं। मुहांसों से छुटकारा पाना तो फिर भी आसान है, लेकिन अगर चेहरे पर ब्लैकहेड्स होने लगें तो ये खूबसूरती पर दाग लगा देते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए भी आप चाहें तो पार्लर भी जा सकते हैं, पर बहुत से लोगों के पास पार्लर जाने का वक्त नहीं होता। ऐसे में आप घरेलू नुस्खे अपनाकर भी इस परेशानी से राहत पा सकते हैं। अगर आपकी खूबसूरती में भी ब्लैकहेड्स दाग लगा रहे हैं तो आप घर पर ही कुछ चीजों के इस्तेमाल से इससे छुटकारा पा सकते हैं। इस लेख में हम आपको ब्लैकहेड्स हटाने वाली तीन चीजों के बारे में बताएंगे, ताकि आपका चेहरा भी बिना ज्यादा पैसे खर्च किए भी दमक सके।**



### ■ अंडा

बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो अंडे का सेवन नहीं करते, लेकिन आप चाहें तो अंडे का इस्तेमाल स्किन केयर में कर सकते हैं। अंडे के सफेद हिस्से में पाए जाने वाले तत्व चेहरे के ब्लैकहेड को हटाने में मदद करेंगे। ये आपकी त्वचा को चमकदार भी बनाएगा।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

इस मास्क को बनाने के लिए आपको सिर्फ अंडे के सफेद भाग और एक चम्मच शहद की जरूरत पड़ेगी। इन दोनों चीजों को सही से मिलाकर अपने चेहरे पर थोड़ी देर के लिए लगाएं। कुछ देर बाद चेहरा धो लें। इससे ब्लैकहेड्स गायब हो जाएंगे। इस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में दो बार कर सकते हैं।

### ■ एलोवेरा

हर घर में आपको एलोवेरा आसानी से मिल जाएगा। ये त्वचा के पोर्स को अच्छी तरह से साफ करता है। इसका मास्क बनाकर आप मुहांसों और ब्लैकहेड्स समेत कई परेशानियों से छुटकारा पा सकते हैं।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

एलोवेरा से फेस मास्क बनाने के लिए सबसे पहले फ्रेश एलोवेरा का जेल निकाल लें। जेल निकालने के बाद इसे 10 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो लें। हर दिन इसका इस्तेमाल करके आप ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं।

### ■ ग्रीन टी

सेहत के लिए फायदेमंद रहने वाली ग्रीन टी त्वचा के लिए भी काफी लाभदायक रहती है। ग्रीन टी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जो ब्लैकहे को हटाने के लिए भी मददगार रहती है।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

इसका पैक बनाने के लिए सबसे पहले ग्रीन टी की सूखी पत्तियां लें। अब इसको पीस कर इसमें थोड़ा सा पानी डालें और पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को आप 15-20 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। समय के बाद चेहरा धो लें। हफ्ते में दो बार इस पैक का इस्तेमाल करने से आपको इसका असर दिखने लगेगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है।

**वृषभ :** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी।

**मिथुन :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क :** नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**सिंह :** पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कन्या :** पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**तुला :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं।

**वृश्चिक :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु :** यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**मकर :** कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ :** नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी।

**मीन :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# कैसे करें पर्यावरण संरक्षण



### ■ बच्चों को आसान तरीके से सिखाएं

इस साल तापमान बहुत तेजी से बढ़ा है। भारत के कई शहरों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। यह अत्यंत गंभीर स्थिति है। इस स्थिति का एक प्रमुख कारण पर्यावरण प्रदूषण या प्रकृति का दोहन है।

प्रदूषण के कारण प्रकृति पर नकारात्मक असर पड़ता है और ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति बन सकती है। इस कारण कई वैज्ञानिक 21वीं सदी को पर्यावरण को हो रहे नुकसान के कारण विनाश की सदी मानते हैं। पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन वर्तमान में इंसान ही है। मानव रोजाना कई गलतियों से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। पर्यावरण को दूषित करने वाले कारकों या गलतियों को नियंत्रित करके पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है।

आने वाली पीढ़ी के लिए रहने योग्य पर्यावरण बनाने के लिए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दें। उन्हें पर्यावरण संरक्षण से बचाव के लिए तरीके बता सकते हैं। यहां वह तरीके बताए गए हैं, जो बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की आदत को शामिल कर सकते हैं।

### ■ प्लास्टिक और पॉलीथिन के नुकसान

प्लास्टिक की बोतल या अन्य सामान प्रकृति के लिए काफी नुकसानदायक है। इसके अलावा पॉलीथिन का उपयोग भी पर्यावरण के लिए घातक है। इन दोनों का बड़ी मात्रा में इस्तेमाल होता है, जो मृदा प्रदूषण का प्रमुख कारण है। बच्चों को प्लास्टिक और पॉलीथिन के इस्तेमाल से रोकें।

### ■ एसी पर कंट्रोल

गर्मी के दिनों में ठंडक पाने के लिए एसी का इस्तेमाल बढ़ जाता है। एसी ठंडी हवा तो देता है लेकिन इससे पर्यावरण दूषित होता है। बच्चों को एसी के इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में सिखाएं। साथ ही खुद भी एसी का उपयोग कम करें ताकि प्रदूषण कम करने में अपना योगदान दे सकें।

### ■ स्वच्छता की आदत

बच्चों को अपने आसपास स्वच्छता रखने की आदत लगाएं। उन्हें सूखे और गीले कूड़े का फर्क सिखाएं। उन्हें बताएं कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए रास्ते में कहीं पर भी कुछ भी नहीं फेंकना चाहिए। डस्टबिन का उपयोग करना सिखाएं। घर के आसपास, पार्क आदि को साफ रखने के टिप्स दें ताकि वह पर्यावरण को और अधिक दूषित न करें।

### ■ पौधरोपण

पर्यावरण के लिए पौधे संजीवनी की तरह होते हैं। पेड़ पौधे स्वच्छ वायु देते हैं जो जीवन के लिए आवश्यक है। बच्चों को पेड़-पौधों का महत्व बताएं और पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करें। घर पर एक दो गमले में बच्चों से पौधे लगवाएं और उस पौधे की जिम्मेदारी बच्चों को दें ताकि वह पौधे को बड़े होने तक पोषित करें और इस काम में आनंद महसूस कर सकें.

# लसोड़े में चमत्कारिक आयुर्वेदिक गुण



भारत आयुर्वेदिक पद्धति में समृद्ध राष्ट्र माना जाता है. देश के कई भागों में ऐसे फल और सब्जियां हैं जो चमत्कारिक रूप से कई बीमारियों को ठीक कर देती हैं. मई-जून में धरती को तपा देने वाली इन गर्मियों के बीच लेसवा एक ऐसा छोटा फल है जिसका आयुर्वेद में बड़ा महत्व माना जाता है. लेसवे को लसोड़ा भी कहा जाता है. ये केवल गर्मी के 2 महीने आता है. लसोड़े का फल और सब्जी दोनों तरह से उपयोग किया जाता है.

### लसौड़े के 5 फायदे

(1) लसोड़े में चमत्कारिक आयुर्वेदिक गुण होते हैं. इसके सेवन से कई बीमारियां छूमंतर हो जाती हैं. लेसवा एलर्जी और बीपी के मरीजों के लिए बेहद गुणकारी होता है. इसे एंटी डायबिटीज गुण वाला फल भी कहा जाता है.

(2) स्किन डिसीज के लिए यह लेसवा वरदान है. यह दाद, खाज, खुजली जैसी स्किन समस्याओं से काफी हद तक राहत दिला सकता है.

(3) लेसवा प्रोटीन, कार्ब्स, फाइबर, कैल्शियम, फॉस्फोरस और आयरन का अच्छा स्रोत है. यह शरीर को मजबूत बनाता है और एनर्जी देता है.

(4) लेसवे के पत्तों को पीसकर घाव पर लगाने से जल्द ठीक होने में मदद मिलती है. इसे अल्सर के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है.

(5) इस अनोखे फल को खाने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता है. इसमें एंटी-कैंसर और एंटी-एलर्जिक प्रॉपर्टी भी पाई जाती हैं.

### कैसे करें प्रयोग

कच्चे लेसवे का प्रयोग सब्जी बनाने के लिए होता है. इसका अचार भी बनाया जाता है. अचार बनाने के लिए फल के अनुपात में तेल का प्रयोग किया जाता है. मसाले में कलौंजी, सौंफ, मैथी,राई, हींग. काला और साधारण नमक का भी प्रयोग होता है. लेसवे का अचार बहुत लाभकारी होता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पार्क में बैठकर बम बना रहे थे दो युवक, विस्फोट के बाद एक का पैर फटा, दूसरा फरार

**लखनऊ.** लखनऊ में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक पार्क में बैठककर दो युवक देसी बम बना रहे थे। इस दौरान विस्फोट हो गया है। तेज धमाके के साथ एक युवक का पैर फट गया। मामला इंदिरा नगर थाना क्षेत्र के एक पार्क का है। यहां दोपहर को दो युवक बैठकर देसी बम बना रहे थे। बम बनाते समय अचानक से विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज से आसपास का इलाका पूरी तरह से दहल गया। क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। धमाके में एक युवक का पैर फट गया। बम फटने से युवक को बुरी तरह से घायल हो गया। घायल होने के बाद युवक चिल्लाने लगा। इस दौरान मौका पाकर उसका दूसरा साथी फरार हो गया। पार्क के पास में लोगों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। इसी दौरान किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस को पार्क में बम बनाने के कई साधन मिले। पुलिस ने सभी चीजों को जब्त करते हुए घायल युवक को गिरफ्तार कर लिया।

### बेटे की हत्या कर मां ने की आत्महत्या!

**सरोजनीनगर.** सरोजनीनगर में बंथरा क्षेत्र के लाऊखेड़ा में बुधवार दोपहर ग्राम पंचायत सदस्य की पत्नी का शव आम के पेड़ से लटकता मिला। इस शव के नीचे ही उसके 13 वर्षीय बेटे की लाश पड़ी हुई थी। बच्चे की गर्दन पर कसाव के निशान थे। इससे साफ था कि उसकी गला घोट कर हत्या की गई है। पुलिस का दावा है कि महिला ने बेटे की हत्या के बाद फांसी लगा ली है। पति ने अनबन से इनकार किया है। पुलिस में पड़ताल कर रही है। मां-बेटे के शव से हड़कम्प भौंकापुर निवासी ग्राम पंचायत सदस्य मनोज यादव प्लाईवुड फैक्ट्री में भी काम करते हैं। मंगलवार को वह नाइट डयूटी पर गए थे। सुबह लौटे तो पत्नी अनीता (32), बेटा अमितेश (13) नहीं दिखे। पड़ोसी राजेश शुक्ला ने गिरिजा शंकर बाग में अनीता,अमितेश के शव मिलने की सूचना दी। पुलिस ने शव देखते कह दिया कि बच्चे की हत्या की गई है।

### देहरादून जा रही यात्रियों से भरी बस गोवंश के झुंड से टकरा कर पल्टी, 18 घायल

**लखनऊ.** लखनऊ से देहरादून जा रही वोल्बो बस शाहजहांपुर के तिलहर क्षेत्र में बुधवार रात करीब तीन बजे अचानक हाईवे पर आए गोवंशीय पशुओं के झुंड से टकराकर पलट गई। हादसे में बस के चालक पर चालक सहित 18 लोग घायल हो गए और दो गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। हादसे के बाद शाहजहांपुर से बरेली जाने वाला मार्ग बंद हो गया। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को बस से बाहर निकलवाया। बुधवार रात लगभग 3 बजे बस चालक राजस्थान के सीकर के नरेंद्र कुमार बस लेकर लखनऊ से देहरादून जा रहे थे। उनके साथ में दूसरा चालक सोनकरन निवासी झुंझुनू राजस्थान व परिचालक रौनक अली निवासी लखनऊ थे। चालक सोनकरन ने बताया कि बस में 35 यात्री बैठे थे।

# पीएम मोदी का शपथ ग्रहण 9 जून को

- BJP के जीते मंत्री रिपीट होंगे
- स्मृति-राजीव चंद्रशेखर को मिल सकता है मौका



**नई दिल्ली.** मोदी सरकार के शपथ ग्रहण की गुरुवार (6 जून) को नई डेट आई। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, मोदी 9 जून को शाम 6 बजे शपथ ले सकते हैं। पहले 8 जून को शपथ लेने की बात आ रही थी।

सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में भाजपा के जीते सभी मंत्री इस बार भी रिपीट होंगे। विवाद से जुड़े चेहरों के नाम मंत्री पद की लिस्ट से काटे जा सकते हैं। चुनाव हारीं स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर को पार्टी एक और मौका दे सकती है। इन्हें फिर से मंत्री पद मिल सकता है।

दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर को अहम बैठक हुई। इसमें अमित शाह और राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में नई सरकार बनाने, भाजपा और उसके सहयोगी दलों को मंत्रिमंडल में जगह देने और शपथ ग्रहण की तैयारियों समेत कई मुद्दों पर चर्चा की खबर है।

### भाजपा को बहुमत नहीं, 14 सहयोगी दलों के 53 सांसदों का समर्थन

लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। यह बहुमत के आंकड़े (272) से 32 सीटें कम हैं। हालांकि, NDA ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। NDA में भाजपा के अलावा 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद हैं। गठबंधन में चंद्रबाबू की TDP 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की JDU 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए जरूरी हैं। इनके बिना भाजपा का सरकार बनाना मुश्किल है।

### मोदी के शपथ ग्रहण में पड़ोसी देशों को न्योता

लोकसभा चुनाव में NDA की जीत के बाद नरेंद्र मोदी 9 जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, इस समारोह के लिए भारत के पड़ोसी देशों के लीडर्स को न्योता भेजा जाएगा। इनमें श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, नेपाल के PM प्रचंड समेत मॉरीशस और भूटान के नेता शामिल होंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति के मीडिया डिविजन ने इसकी पुष्टि भी की। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने बुधवार को फोन करके PM मोदी को चुनाव जीतने पर बधाई दी थी। इसी दौरान कॉल पर मोदी ने उन्हें शपथ ग्रहण में शामिल होने का न्योता दिया, जिसे विक्रमसिंघे ने स्वीकार कर लिया। वहीं बांग्लादेश की PM के साथ भी फोन पर बातचीत के दौरान मोदी ने उन्हें समारोह का आमंत्रण दिया है।

## ममता के गुंडों से भाजपा को बचाएं : शुभेंदु

**कोलकाता.** बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा का दौर थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। लोकसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद 5 जून को ही राज्य के कई इलाकों में हिंसा की घटनाएं सामने आईं। इन्हीं को संज्ञान में लेते हुए भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस से अपील की है।

शुभेंदु ने एक पत्र लिखकर राज्यपाल से गुहार लगाई है कि वे बंगाल के उन सभी इलाकों का दौरा करें जहां से चुनाव के बाद हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं।

शुभेंदु ने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में उनसे गुहार लगाई कि वे चुनाव के बाद हुई हिंसा से पीड़ित सभी क्षेत्रों का दौरा करें और सुनिश्चित करें कि किसी की जान ना जाए। उन्होंने 2021 के विधानसभा चुनावों में हुई भयानक हिंसा का भी जिक्र करते हुए कहा कि राज्यपाल इस बात का पूरा ध्यान रखें कि 2021 चुनावों के बाद हुई भयानक हिंसा दोबारा न घटे।

## राष्ट्रपति भवन में मोदी कैबिनेट का फेयरवेल डिनर

- 17वीं लोकसभा भंग करने के बाद आयोजन
- उपराष्ट्रपति-PM समेत कई मंत्री पहुंचे



**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद NDA नई सरकार बनाने की कवायद शुरू कर रहा है। बुधवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 17वीं लोकसभा भंग करने के बाद कैबिनेट मंत्रियों के लिए फेयरवेल डिनर का आयोजन किया।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस डिनर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण समेत कैबिनेट के कई मंत्री शामिल हुए। लोकसभा चुनाव के बाद नई लोकसभा बनने से पहले इस इवेंट का आयोजन होता है। यह परंपरा कई सालों से चलते आ रही है। 2019 में भी तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भोज का आयोजन कराया था।

**नई सरकार बनने तक पद पर बने रहेंगे सभी मंत्री**

पीएम मोदी ने बुधवार दोपहर 2 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को इस्तीफा सौंपा था। साथ ही मंत्रिमंडल भंग करने की सिफारिश भी की। राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार किया। राष्ट्रपति ने PM और मंत्रिपरिषद से अनुरोध किया कि वे नई सरकार के कार्यभार संभालने तक पद पर बने रहें।

इससे पहले मोदी मंत्रिमंडल की सुबह 11.30 बजे आखिरी बैठक हुई। बैठक में 17वीं लोकसभा भंग करने की सिफारिश हुई। इसमें सरकार ने तीसरी बार जीत को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इसके बाद मोदी राष्ट्रपति भवन गए और अपना इस्तीफा सौंपा। मोदी अब कार्यवाहक पीएम रहेंगे।

## पंजाब में फिर पनप रहा अलगाववाद

- जीत कर संसद पहुंचे अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह





**चंडीगढ़.** पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर बीजेपी को एक पर भी जनादेश नहीं मिला। पंजाब में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 7 सीटें जीती। वहीं राज्य की सत्ताधारी पार्टी आम आदमी पार्टी ने सिर्फ 3 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई। और लंबे समय तक पंजाब के ऊपर शासन करने वाली शिरोमणि अकाली दल सिर्फ एक ही सीट पर सिमट कर रह गई। पंजाब के दो निर्दलीय विजेताओं ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा। इनमें से पहली सीट है खडूर साहिब जहां से खालिस्तानी नेता अमृतपाल सिंह और दूसरी सीट है फरीदकोट सीट जहां से सरबजीत सिंह खालसा ने भारी मतों से जीत हासिल की है।

सरबजीत सिंह खालसा, उसी बेअंत सिंह के बेटे हैं, जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की थी। फरीदकोट और खडूर साहिब सीटों के नतीजे यह दिखाते हैं कि पंजाब की जनता पुराने राजनीतिक दलों से खुश नहीं है और ऊब चुकी है। जनता के दिलों में पारम्परिक दलों के प्रति असंतोष है। अमृतपाल सिंह ने खडूर साहिब सीट से पंजाब में सबसे ज्यादा 1.97 लाख मतों के अन्तर से जीत दर्ज की है। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर सीट से 1.75 लाख मतों के अन्तर से जीतें। बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल ने वर्षों पुराने अपने गठबंधन को तोड़ते हुए, अलग-अलग चुनाव लड़ा। वहीं बीजेपी अपनी पुरानी दो सीटें होशियारपुर और गुरदासपुर नहीं बचा पाई। लेकिन पंजाब में बीजेपी का वोट शेयर शिरोमणि अकाली दल के मुकाबले ज्यादा रहा। बीजेपी को 18.56% वोट मिले तो अकाली दल मात्र 13.42% वोट पाने में सफल हुआ।

पंजाब में पार्टियों ने अपने 7 सांसदों को दोबारा टिकट दिया था, लेकिन 7 में से केवल 3 हरसिमरत कौर बादल, डॉ. अमर सिंह और गुरजीत सिंह औजला ही अपनी सीट बचाने में कामयाब हुए। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी, जो चंडीगढ़ से चुनाव लड़ रहे थे, बहुत ही कम मार्जिन से अपनी सीट बचा पाए। पंजाब में बीजेपी को भारी नुकसान हुआ है। लेकिन वोट शेयर में बढ़ोतरी हुई है। पंजाब में दो खालिस्तानी नेताओं का जीतना इस बात की ओर इशारा करता है कि जनता बड़ी पार्टियों से नाखुश है, और पंजाब में खालिस्तान विचारधारा धीरे- धीरे बढ़ रही है।

### कोटा में स्टूडेंट ने 9वीं मंजिल से कूदकर जान दी

**कोटा.** कोटा में NEET की तैयारी कर रही MP के रीवा की छात्रा ने अपॉर्टमेंट की 9वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। पड़ोस के फ्लैट में रहने वाली महिला ने उसे गैलरी से कूदते हुए देखा। महिला कुछ समझ पाती, उससे पहले ही छात्रा ने छलांग लगा दी। उसका एक दिन पहले ही NEET का रिजल्ट आया था। कम मार्क्स आने से वो डिप्रेशन में चल रही थी। वह बुधवार दोपहर डाउट क्लियर करने क्लास भी गई थी। मामला कोटा (राजस्थान) के जवाहर नगर इलाके का बुधवार शाम 4 बजे का है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें छात्रा छलांग लगाती हुई दिख रही है। एक महिला जैसे ही फ्लैट से निकलकर उसे देखती है, बगिशा छलांग लगा देती है।

## नतीजों के बाद कांग्रेस में उत्साह

- 8 जून को रणनीति के लिए बुलाई CWC बैठक
- राहुल की फिर PC



**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव के नतीजों में कांग्रेस 99 सीटें मिली हैं। 2014 में 52 और फिर 2019 के आम चुनाव में 52 सीटें ही पाने वाली कांग्रेस इसे बड़ी सफलता मान रही है। इससे पार्टी बेहद उत्साहित है और सरकार गठन तक का सपना देख रही है। कांग्रेस ने अब 8 जून को कार्यसमिति की मीटिंग बुलाई है। इसमें नतीजों पर चर्चा होगी और सरकार गठन के लिए कोशिश करनी चाहिए या फिर नहीं। इस पर भी बात होगी। इस बीच राहुल गांधी ने आज शाम 5 बजे ही प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। इसमें वह नतीजों के अलावा सरकार गठन की संभावनाओं पर बात करेंगे।

सूत्रों का कहना है कि बैठक में लोकसभा में पार्टी के संतोषजनक प्रदर्शन के लिए नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया जा सकता है। कांग्रेस में इस नतीजे को लेकर उत्साह है और खासतौर पर राहुल गांधी को इसके लिए क्रेडिट दिया जा रहा है। चुनाव नतीजे के तुरंत बाद की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि राहुल गांधी ने देश भर में दो यात्राएं निकाली थीं। इनमें लाखों लोग पार्टी से जुड़े थे। वह पूरे देश में घुमे थे। इसका फायदा भी कांग्रेस को चुनाव में अच्छे नतीजों के तौर पर मिला है।

बता दें कि एनडीए को भले ही स्पष्ट बहुमत मिल गया है, लेकिन भाजपा के 272 सीटों के आंकड़े से 32 दूर रह जाने से कांग्रेस उत्साहित है। कांग्रेस समेत INDIA अलायंस में शामिल आरजेडी जैसे दलों को लगता है कि यदि एनडीए में गठबंधन पर बिगड़ती है तो वे सरकार भी बना सकते हैं। कांग्रेस के पवन खेड़ा और आरजेडी के तेजस्वी यादव ने यह कहा भी था कि हम सरकार बनाने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। अभी आप लोगों को इंतजार करना चाहिए। गौरतलब है कि 10 साल बाद पहली बार कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष को पहली बार इतनी सीटें मिली हैं।

## CJI चंद्रचूड़ बोले - चुनाव भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार

- जजों को उनके फैसलों से राजनीति पर पड़ने वाले असर से परिचित होना चाहिए



**नई दिल्ली.** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) डीवाई चंद्रचूड ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा- चुनाव भारत के संवैधानिक लोकतंत्र का मूल आधार है। भारत में जज किसी चुनाव में इलेक्ट नहीं होते हैं। वहां जज सिस्टम की रक्षा करने वाले संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने की भावना को दर्शाते हैं।

कार्यक्रम में CJI से पूछा गया कि फैसला सुनाते समय उन पर कितना पॉलिटिकल और सोशल प्रेशर होता है। इसके जवाब में उन्होंने कहा- न्यायाधीश के रूप में मेरे 24 सालों के कार्यकाल में मुझे कभी भी पॉलिटकल प्रेशर का सामना नहीं करना पड़ा।

हमारा जीवन नेताओं के जीवन से बिल्कुल अलग है, लेकिन जजों को अपने फैसलों का राजनीति पर पड़ने वाले असर से परिचित होना चाहिए। इसे पॉलिटिकल प्रेशर नहीं कहा जाता है। इसे फैसले के असर की समझ कहा जाता है।

## देश ने सिर्फ पढ़े-लिखों को चुना

### लोकसभा चुनाव में हारे सभी 121 निरक्षर प्रत्याशी

**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव 2024 में कुल 121 'निरक्षर' उम्मीदवार खड़े हुए थे और सब के सब हार गए। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) के एक विश्लेषण में यह बात सामने आई है। एडीआर ने बताया कि अपने चुनावी हलफनामों में खुद को 'निरक्षर' बताने वाले सभी 121 प्रत्याशी चुनाव हार गए हैं। नतीजों में 293 एनडीए और विपक्षी गठबंधन INDIA के खाते में 233 सीटें आईं हैं।

चुनाव विश्लेषण करने वाली इस संस्था के अनुसार इस लोकसभा चुनाव में लगभग 105 या 19 प्रतिशत विजयी उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता कक्षा 5 से 12वीं के बीच घोषित की है, जबकि 420 या 77 प्रतिशत नवनिर्वाचित सदस्यों ने स्नातक या उससे ऊपर की डिग्री होने की घोषणा की है। एडीआर ने कहा कि 17 नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्य डिप्लोमा धारक हैं और एक ही सदस्य 'केवल साक्षर' हैं।

विश्लेषण के अनुसार दो विजयी प्रत्याशियों की शिक्षा पांचवीं कक्षा तक रही, वहीं चार नवनिर्वाचित सदस्य ने आठवीं तक पढ़ाई की है। 34 ऐसे विजयी उम्मीदवारों ने अपने हलफनामे में घोषणा की थी कि वे दसवीं कक्षा तक पढ़े हैं और 65 ऐसे नवनिर्वाचित सदस्य 12वीं तक की पढ़ाई कर चुके हैं। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के मुताबिक पहली लोकसभा से लेकर 11वीं लोकसभा (1996-98) तक स्नातक डिग्री रखने वाले सांसदों का अनुपात लगातार बढ़ता रहा है।



विश्लेषण से पता चलता है कि नयी लोकसभा में पांच प्रतिशत सांसदों के पास डॉक्टरेट की डिग्री है जिनमें तीन महिलाएं हैं। पीआरएस के एक अन्य विश्लेषण के अनुसार इस चुनाव में निर्वाचित होकर लोकसभा पहुंचने वाले 543 सांसदों में से सबसे अधिक सदस्यों ने कृषि और समाजसेवा को अपना पेशा बताया है। अठारहवीं लोकसभा के लगभग सात प्रतिशत सदस्य वकील हैं और चार प्रतिशत चिकित्सा पेशे से जुड़े हैं।

## नाबालिग 12 जून तक ऑब्जर्वेशन होम में रहेगा

- माता-पिता 10 जून तक रिमांड पर
- फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की भी मांग

**पुणे.** पुणे पोर्श केस में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने नाबालिग आरोपी की ऑब्जर्वेशन होम रिमांड बढ़ा दी है। वह 12 जून तक ऑब्जर्वेशन होम में ही रहेगा। पुलिस ने बोर्ड से नाबालिग की रिमांड 14 दिन बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन बोर्ड ने 7 दिन ही बढ़ाई। बुधवार को फोरेंसिक रिपोर्ट भी आई है, जिसमें पुष्टि हो गई है कि आरोपी का ब्लड सैंपल उसकी मां से ही बदला गया था। पुलिस ने कोर्ट में बताया कि नाबालिग के नशे में होने की बात छिपाने के लिए मां ने पिता की मौजूदगी में अपना ब्लड दिया था।

ब्लड सैंपल बदलने के आरोप में जिला कोर्ट ने मां शिवानी अग्रवाल और पिता विशाल अग्रवाल को 10 जून तक पुलिस कस्टडी में भेजा है। वहीं, सैंपल बदलने वाले डॉक्टर अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हेलनोर को 7 जून तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। पुलिस ने राज्य सरकार से मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसी महीने के अंत तक पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट भी दायर करेगी।

## अर्धशतक लगाकर रिटायर्ड हर्ट हुए रोहित



- बनाए कई रिकॉर्ड
- विराट-जयवर्धने की इस खास सूची में भी शामिल हुए

**टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन**

| खिलाड़ी | मैच | रन | स्ट्राइक रेट | 100s |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | 28 | 1142 | 130.66 0 | 14 |
| महेला जयवर्धने | 31 | 1016 | 134.74 1 | 6 |
| रोहित शर्मा | 40 | 1015 | 128.48 0 | 10 |
| क्रिस गेल | 33 | 965 | 142.75 2 | 7 |

टी20 विश्व कप 2024 में भारत ने आयरलैंड को हराकर टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया है। 97 रन के लक्ष्य को भारतीय टीम ने 12.2 ओवर में हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 37 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 52 रन की पारी खेली। हालांकि, वह रिटायर्ड हर्ट हो गए। मैच के बाद रोहित ने बताया कि उनके हाथ में थोड़ा सा दर्द है, जो कि उन्होंने टॉस के समय भी बताया था। इसी वजह से वह रिटायर्ड हर्ट हुए। भारत को अगला मैच पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम से खेलना है और उस मैच में रोहित का होना बेहद जरूरी है। यही वजह है कि उन्होंने सतर्कता बरती। रोहित ने इस मैच में कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए।

**टी20 विश्व कप में रोहित के हजार रन**

मैच में 37 रन बनाते ही रोहित ने टी20 विश्व कप में हजार रन भी पूरे कर लिए। वह इस टूर्नामेंट में ऐसा करने वाले तीसरे खिलाड़ी बने। उनसे पहले विराट कोहली और श्रीलंका के महेला जयवर्धने यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। विराट के नाम इस टूर्नामेंट में 1142 रन और जयवर्धने के नाम 1016 रन हैं। रोहित एक रन से जयवर्धने को पीछे छोड़ने से चूक गए। रोहित के नाम फिलहाल टी20 विश्व कप में 37 पारियों में 128.48 के स्ट्राइक रेट से 1015 रन हैं।

## सहस्त्रताल ट्रैकिंग पर 9 ट्रैकर्स की मौत

- 13 को सुरक्षित बचाया
- 5 के शव मिले
- चार शवों को ढूंढने के लिए अभियान जारी



19 मई को 22 सदस्य दल गया था सहस्त्रताल ट्रैकिंग पर

**उत्तरकाशी.** उत्तरकाशी के सहस्त्रताल ट्रैकिंग पर गए 9 ट्रैकर्स की मौत हो गई है। जिला प्रशासन ने देर रात इसकी पुष्टि की है। जिनमें से बुधवार दोपहर तक पांच शवों को बाहर निकल गया है। चार ट्रैकर्स के शव अभी भी सहस्त्रताल ट्रैकिंग पर भी फंसे हुए हैं । इनमें आज दिन तक निकलने की उम्मीद जताई जा रही है। जबकि 13 अन्य लोगों को भी सुरक्षित बचा ले गया है। इनमें से कुछ लोग बीमार है जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने बुधवार सुबह अभी ट्रैकर्स को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया था। रेस्क्यू अभियान के लिए वायु सेवा की टीम का भी सहारा लिया गया था। संयुक्त बचाव दल ने बुधवार दोपहर तक 13 ट्रैकर्स को सुरक्षित निकाल लिया था।

जबकि पांच ट्रैकर्स के शव भी निकल लिए गए थे। लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम खराब होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन रोकना पड़ा और चार ट्रैकर्स के शव नहीं निकाल पाए। डीएम मेहरबान बिष्ट ने बताया कि गुरुवार सुबह फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जाएगा और चार लोगों के शव निकाल दिए जाएंगे।

बता दे कि 19 मई को कर्नाटक और महाराष्ट्र के ट्रैकर्स का 22 सदस्य दल सहस्त्रताल ट्रैकिंग पर गया था। ट्रैकिंग के बाद वापस आते वक्त 3 जून को यह सभी ट्रैकर्स मौसम खराब होने के कारण रास्ता भटक गए। घने कोहरे और भारी बर्फबारी के बीच यह सभी ट्रैकर्स वहीं फंस गए।

4 जून शाम को जिला प्रशासन को ट्रैकर्स के फंसने की सूचना मिली। जिसके बाद 5 जून सुबह प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। अत्यधिक ठंड के कारण चार ट्रैकर्स की मौत पहले ही हो चुकी थी। लेकिन देर रात जिला प्रशासन ने 9 ट्रैकर्स के मौत की पुष्टि की है।

## संक्षेप...

### टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**भिवंडी.** काटई गांव के पास एक टेम्पो चालक ने तेज गति से यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए एक बाइक सवार को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार यश संतोष जाधव (18) 5 जून को 1.30 बजे के करीब अपनी एवेंजर बाइक से भिवंडी से कांबे गांव की ओर जा रहा था. बाइक का नंबर MH-03-DM-4472 है. इस दौरान काटई गांव के पास एक अज्ञात टेम्पो चालक ने तेज गति से यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए बाइक को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में यश जाधव गंभीर रूप से घायल हो गया. वहीं टेम्पो चालक मौके पर बाइक सवार की मदद करने की बजाय फरार हो गया. इसकी शिकायत निजामपुरा पुलिस थाने में पीड़ित के भाई सुरेश सीताराम जाधव ने दर्ज कराई है.

# रणनीति में बदलाव और अति आत्मविश्वास ले डूबा

### चुनाव में महायुति गठबंधन को नुकसान पर भड़के शिंदे के करीबी संजय शिरसाट

**मुंबई.** महाराष्ट्र में सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के प्रवक्ता संजय शिरसाट ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सीट बंटवारे को लेकर सर्वेक्षणों के आधार पर किए गए बदलाव और अति आत्मविश्वास के कारण महायुति गठबंधन को लोकसभा चुनाव में नुकसान हुआ। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने मंगलवार को राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से 17 सीटों पर जीत हासिल की है।

महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल है। गठबंधन में हुए सीट बंटवारे के तहत शिवसेना ने 15 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें से उसे सात सीट पर जीत हासिल हुई।

भाजपा ने 28 सीटों पर चुनाव लड़ा और नौ पर जीत हासिल की, अजित पवार की राकांपा ने चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे और एक सीट जीती जबकि राष्ट्रीय समाज पार्टी (आरएसपी) ने एक सीट पर चुनाव लड़ा और हार गई। दूसरी तरफ राज्य में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी ने 30 सीटें जीतीं। महा विकास आघाडी गठबंधन में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता वाली शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) तथा कांग्रेस शामिल हैं।



पत्रकारों से बातचीत के दौरान शिरसाट ने कहा कि वे जनता द्वारा दिए गए जनादेश को स्वीकार करते हैं, लेकिन दूसरों की आलोचना करने के बजाय यह अधिक महत्वपूर्ण है कि वे अपनी गलतियों को सुधारें।

उन्होंने कहा, ₹सीटों के बंटवारे में असली वजह सर्वेक्षणों की थी। इन सर्वेक्षणों के आधार पर जो बदलाव किए गए, उनसे हमें नुकसान हुआ और मैं इसे स्पष्ट रूप से स्वीकार करता हूं। कोई एक सर्वेक्षण लेकर आता है, कोई दूसरा सर्वेक्षण लेकर आता है। यह सर्वेक्षण कुछ कहता है...दूसरा सर्वेक्षण कुछ और कहता है...इन सर्वेक्षणों के कारण हमें अति आत्मविश्वास हो गया था, जिसके कारण हमें नुकसान उठाना पड़ा।₹ शिरसाट ने कहा कि जो गलतियां हुई हैं उन्हें सुधारा जाएगा और महायुति के सभी दल यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में ऐसी गलतियां न हों।

# महाराष्ट्र पहुंचा मॉनसून

- तपती गर्मी से मिलेगी राहत
- 3-4 दिनों में मुंबई पहुंचने की संभावना



फाइल फोटो

**मुंबई.** केरल में मॉनसून की दस्तक के साथ ही देश के ऊपरी हिस्से में इसका पहुंचना शुरू हो गया है. पूरे केरल में फैलने के बाद कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के अंदरूनी और तटीय इलाकों में इसका फैलाव हो चुका है. इसके असर से इन राज्यों में भारी बारिश हो रही है. मॉनसून को लेकर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) की तरफ से जारी किए गए हालिया अपडेट में बताया गया है कि कर्नाटक के अधिकांश हिस्सों में मॉनसून आगे बढ़ रहा है. जल्द ही यह तेजी से आगे बढ़ जाएगा. आईएमडी के अनुसार, अगले तीन से चार दिनों में मॉनसून पूरे कर्नाटक और तटीय आंध्र प्रदेश को कवर कर लेगा.

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून हवाएं फिलहाल महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के अंदरूनी हिस्सों की तरफ बढ़ रही हैं. इसके बाद यह महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों को कवर करेगा. आईएमडी का अनुमान है कि अगले 3-4 दिनों में यह मुंबई में प्रवेश करेगा. यहां से इसका इसका विस्तार पूर्वी भारत के राज्यों की तरफ होगा. हालांकि मौसम विभाग ने कहा है कि फिलहाल उत्तर प्रदेश को लू से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है. इसके अलावा उत्तरी मध्य प्रदेश के हिस्सों में भी अगले पांच दिनों तक लू का प्रकोप देखने को मिलेगा. उत्तर पश्चिम भारत को लेकर जारी पूर्वानुमान में आईएमडी ने कहा है कि इन इलाकों में शुक्रवार तक बारिश हो सकती है. साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती हैं.

मौसम विभाग ने कहा है कि महाराष्ट्र और तटीय कर्नाटक के इलाकों में शनिवार से बारिश होगी. वहीं शुक्रवार तक उत्तर भारत में धूल भरी आंधी चलने और ओलावृष्टि होने की संभावना जताई गई है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आज कहा कि अगले तीन से चार दिनों में मुंबई सहित महाराष्ट्र के अधिक हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं. मौसम एजेंसी ने कहा कि मॉनसून की उत्तरी सीमा वर्तमान में महाराष्ट्र में रत्नागिरी और सोलापुर, तेलंगाना में मेडक, आंध्र प्रदेश में भद्राचलम और विजयनगरम और पश्चिम बंगाल में इस्लामपुर से होकर गुजरती है.

# अजित पवार की बैठक में नहीं पहुंचे NCP के 5 विधायक

### महाराष्ट्र में सियासी उथल-पुथल के संकेत



**मुंबई.** अजित पवार अपने विधायकों के साथ ट्राइडेंट होटल में गुरुवार को बैठक करने वाले थे. खबर आ रही है कि इस मीटिंग में उनके पांच विधायक होटल नहीं पहुंचे हैं. इससे पहले सूत्रों के हवाले से खबर आई थी कि अजित पवार गुट के 10 से 15 विधायक शरद पवार के संपर्क में हैं. लोकसभा चुनाव के बाद अजित पवार ने ट्राइडेंट होटल में अपने सभी विधायकों की बैठक बुलाई थी. इससे पहले गुरुवार को अजित पवार के आवास पर कोर कमेटी सभी सदस्यों की बैठक हुई जिसमें शाम को विधायकों की एक बैठक बुलाई गई.

बताया जा रहा है कि अजित पवार के कई विधायक शरद पवार से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं. माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में विधायकों के आने-जाने का सिलसिला शुरू हो सकता है. हालांकि अभी महाराष्ट्र में शिंदे सरकार पर कोई संकट नहीं है, लेकिन आने वाले कुछ महीनों में हलचल का माहौल देखने को मिल सकता है, क्योंकि अगले कुछ महीनों में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं.

#### विधायकों ने दिए व्यक्तिगत कारण

एनसीपी (अजित पवार) के सूत्रों का कहना है कि सभी पांच विधायकों ने आज बैठक में शामिल न होने के व्यक्तिगत कारण बताए हैं. पांच विधायकों में से कोई भी शरद पवार खेमे के संपर्क में नहीं है. विधायकों की बैठक में शामिल न होने के लिए सभी के पास वैध व्यक्तिगत कारण हैं और इसकी सूचना शीर्ष नेताओं को पहले ही दे दी गई थी. विधायक धर्म राव बाबा अत्राम अस्वस्थ हैं, नरहरि झिरवाल रूस में हैं, सुनील तिंगरे बाहर गए हुए हैं, राजेंद्र शिंगणे अस्वस्थ्य हैं और अन्ना बंसोडे पहले से व्यस्त थे.

#### बारामती की हार से नाखुश पार्टी

अजित पवार की एनसीपी पहले ही मुश्किलों में घिरी हुई है. शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने दावा किया है कि अजित पवार के कई विधायक उनके संपर्क में हैं और पार्टी में वापस शामिल होना चाहते हैं. पार्टी लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन और खासकर बारामती की हार से खुश नहीं है, जहां अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार सुप्रिया सुले के खिलाफ भारी अंतर से हार गईं.

# छत्रपती शिवाजी महाराज अस्पताल का मनपा आयुक्त सौरभ राव ने किया दौरा

**ठाणे.** मनपा के छत्रपती शिवाजी महराज अस्पताल का आयुक्त सौरभ राव ने दौरा कर अस्पताल के गतिविधियों की जानकारी ली और कहा कि मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोताही नही होना चाहिए।उपचार के लिए निधी की कमी नहीं होगी।अस्पताल में बारह सौ से अब उपचार के लिए मरीजों की संख्या 2200 हो गई है।जिसको लेकर विनामूल्य उपचार का बोझ मनपा उठा रही है।जिसको लेकर मनपा हो रहे अधिक खर्च के लिए उपाय योजना तैयार करने के लिए तैयारी कर रही है।वही छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल व राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज में रिक्त स्थान के भर्ती के लिए राव ने स्पष्ट किया।आयुक्त राव ने अस्पताल के सभी विभाग व मेडिकल कॉलेज पहुचकर जानकारी ली।इस अवसर पर सभी वरिष्ठ अधिकारी व विभाग प्रमुख ने बैठक की।इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिरुद्ध मालगावकर ने अस्पताल व मेडिकल कॉलेज पर आयुक्त राव से चर्चा किया।इस बैठक में कॉलेज के अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त स्वास्थ्य अधिकारी) उमेश बिरारी, उपायुक्त (आस्थापना) जी. जी. गोदेपुरे, उपनगर अभियंता विकास ढोले, शुभांगी केसवानी, डीन डॉ. राकेश बरोट, डॉ. स्वप्नाली कदम आदी उपस्थित रहीं।अस्पताल के मरम्मती करण के लिए राज्य सरकार ने 60 करोड़ रुपये की निधी को मंजूर किया है।



# भिवंडी से पकड़े गए दो पाकिस्तानी नागरिक

- 1971 से रह रहे थे भिवंडी में
- 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**भिवंडी.** शांतिनगर पुलिस ने भिवंडी में 1971 से रहे 2 पाकिस्तानी नागरिकों को पकड़ा है. साथ ही इन लोगों के फर्जी पहचान पत्र बनवाने और की मदद करने वाले 7 लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है.

मिली जानकारी के अनुसार शांतिनगर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पाकिस्तानी नागरिक हारन उमर परकार व असलम उमर परकार को पकड़ा है. ये पाकिस्तानी नागरिक 1971 से भारत में रह रहे थे. इन लोगों की मदद करने व फर्जी पहचान पत्र बनवाने वाले आरोपी आशिक अब्दुल रहमान परकार, अल्लाउददीन अब्दुल्लाह परकार, नाजिम कुरैशी, अशफाक अहमद मुश्ताक हाशमी, इजाज अहमद मुश्ताक हाशमी, हुसैन मेहमुद खान, रउफ हुसैन परकार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है. शांतिनगर पुलिस ने भा.द.वि. की धारा 420, 465, 468, 471, 34 समेत विदेशी नागरिक कायदा कलम 3,14 पारपत्र अधिनियम 1967 की धारा 12 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक सुरेश घुगे मामले की जांच कर रहे हैं.

# टोरेंट पावर को लगाया 1.94 लाख रुपए का चूना

### अवैध कनेक्शन जोड़कर बिजली चोरी

**भिवंडी.** हसीन सिनेमा के सामने, इस्लामपुरा, भिवंडी स्थित अपने घर में अवैध रूप से कनेक्शन जोड़कर बिजली चोरी करने वाले के खिलाफ शांति नगर पुलिस थाने में टोरेंट पावर ने मामला दर्ज कराया है.

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सादी आमिर पटेल सिविल कोर्ट के सामने, आगरा रोड, इस्लामपुरा स्थित अपने घर में अवैध कनेक्शन जोड़कर चोरी की बिजली इस्तेमाल कर रहा था. सादी आमिर पटेल ने ट्रांसफार्मर क्रमांक 4001127 के फ्यूज सेक्शन पिलर में अवैध रूप से 2 काले तार जोड़कर बिजली कनेक्शन ले रखा था. 10 मई 2023 से 9 मई 2024 के दरम्यान उसने 7275 यूनिट की बिजली चोरी करते हुए टोरेंट पावर को 1 लाख 94 हजार 172 रुपए का आर्थिक नुकसान पहुंचाया है. टोरेंट पावर के कर्मचारी किशोर दादाराव पगारे की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत अपराध दर्ज किया है.

# नरेश म्हस्के ने किया ठाणे स्टेशन का निरीक्षण

**ठाणे.** नवनिर्वाचित सांसद नरेश म्हस्के ने बुधवार शाम को ठाणे रेलवे स्टेशन का दौरा किया. सांसद नरेश म्हस्के ने रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 5 के चौड़ीकरण का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर भाजपा ठाणे शहर अध्यक्ष संजय वाघुले, शिवसेना ठाणे शहर प्रमुख हेमंत पवार, शिवसेना कोपरी पचपखाड़ी शहर प्रमुख राम रेपाले, शिवसेना दिवा शहर प्रमुख रमाकांत पाटिल, ठाणे नगर परिवहन समिति के अध्यक्ष विलास जोशी, योगेश जानकर, पवन कदम, विभाग प्रमुख अमित जयसवाल , किरण नकाती, युवा सेना के नितिन लांडगे, निखिल बुजबुडे, स्टेशन मास्टर केशव तावड़े आदि उपस्थित थे।



ठाणे के नवनिर्वाचित सांसद नरेश म्हस्के ने फ्लैट नंबर 1, 2 और 5 का निरीक्षण किया. तभी उन्हें प्लेटफार्म पर काफी मलबा पड़ा हुआ दिखाई दिया। सांसद नरेश म्हस्के ने सुझाव दिया कि बारिश का मौसम होने के कारण गिरे हुए पत्थर और ईंटों को अगले दो दिनों में तुरंत उठाया जाना चाहिए। आज के इस दौरे के दौरान नरेश म्हस्के ने रेल यात्रियों से बातचीत की. यात्री प्रतीक्षालय में जाकर जंग लगी सीट को तत्काल बदलने के निर्देश दिए।

इस मौके पर नरेश म्हस्के ने प्लेटफार्मों पर शौचालयों और पानी की टंकियों की सफाई पर ध्यान देने और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। म्हस्के ने स्टेशन मास्टरों को प्लेटफार्मों से आने वाली बदबू के खिलाफ तत्काल उपाय करने का निर्देश दिया।

नरेश म्हस्के का कहना है कि ठाणे रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन लाखों यात्री यात्रा कर रहे हैं। लेकिन हम इन्हे बड़ी सुविधाएं देंगे लेकिन बुनियादी सुविधाएं देना भी उतना ही जरूरी है। सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि रेलवे स्टेशन को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने पर भी हमारा जोर है.।

# कंगना को CISF महिला जवान ने थप्पड़ मारा !



कंगना रनोट ने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर तैनात CISF की महिला जवान पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है। कंगना को थप्पड़ मारने वाली जवान का नाम कुलविंदर कौर बताया जा रहा है।

कंगना रनोट चुनाव जीतने के बाद भाजपा की बैठक में शामिल होने के लिए विस्तारा एयरलाइन की फ्लाइट UK707 से दिल्ली के लिए निकल रही थीं, तभी सिक्योरिटी चेक के दौरान उनकी महिला जवान से कहासुनी हो गई। कंगना ने मामले की शिकायत कर महिला जवान को नौकरी से हटाने और उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

ये घटना गुरुवार दोपहर साढ़े 3 बजे की है। कंगना रनोट एयरपोर्ट सिक्योरिटी चेक से निकल रही थीं, तभी महिला जवान के साथ उनकी बहस हो गई। कंगना रनोट ने इस मामले में शिकायत भी दर्ज कराई है। कंगना को थप्पड़ मारने वाली CISF की जवान उनके किसान आंदोलन में दिए गए बयान से आहत थी। फिलहाल एयरपोर्ट पर मौजूद सिक्योरिटी ने कुलविंदर को कमांडेंट कमरे में बैठा रखा है। कंगना दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी हैं।

कंगना रनोट ने किसान आंदोलन के दौरान एक आपत्तिजनक बयान दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर आंदोलनकारियों की तुलना खालिस्तानी आतंकियों से की थी। पंजाब सहित देश के कई हिस्सों में रहने वाले सिख समुदाय के लोगों ने कंगना के इस स्टेटमेंट पर आपत्ति जताई थी।

# नाबालिग से बलात्कार के दोषी को 10 साल की सजा

**ठाणे.** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने 2015 में नौ वर्षीय लड़की से बलात्कार करने के जुर्म में एक व्यक्ति को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पॉक्सो मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश डी एस देशमुख ने 25 मई को दिए गए आदेश में कहा कि सजा से समाज को स्पष्ट संदेश मिलना चाहिए कि ऐसे मामलों में दोषियों से सख्ती से निपटा जाता है। आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध हुई।

अदालत ने मीरा रोड इलाके के काशीगांव में रहने वाले 44 वर्षीय दोषी पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

न्यायाधीश ने आदेश दिया कि जुर्माने की राशि पीड़िता को दी जाए और पीड़िता को मुआवजे के लिए मामला जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण को भेज दिया जाए। आरोपी को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया गया था।

विशेष लोक अभियोजक संध्या एच म्हात्रे ने अदालत को बताया कि पीड़िता 11 जुलाई 2015 को पड़ोस में रहने वाले आरोपी के घर में टेलीविजन देखने गई थी, तभी उसने उसके साथ बलात्कार किया।

# BMC कर्मचारियों-पुलिस पर पथराव



- 5 पुलिसकर्मी घायल
- अवैध अतिक्रमण हटाने गए थे

**मुंबई.** मुंबई के पवई में गुरुवार (6 जून) को अवैध अतिक्रमण हटाने गए बृहनमुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के कर्मचारियों और पुलिस टीम पर पर लोगों ने पथराव किया। इस हमले में 5 पुलिसकर्मियों घायल हुए हैं। घटना का वीडियो भी सामने आया है। वहीं, पथराव और हंगामे के चलते अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को रोक दिया गया है।

पवई के हीरानंदानी इलाके में कई साल पुरानी एक झुग्गी बस्ती है। नगर पालिका ने इन झोपड़ी मालिकों को नोटिस दिया था। आज नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी वहां घुसे और अवैध रूप से बसी इस झुग्गी बस्ती को हटाने की कार्रवाई शुरू की।

कार्रवाई के वक्त वहां बड़ी संख्या में पुलिस भी मौजूद थी। लेकिन इस कार्रवाई से स्थानीय निवासी नाराज हो गए। उन्होंने पुलिस और नगर निगम अधिकारियों पर पथराव शुरू कर दिया। इससे काफी अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। फिलहाल इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। इलाके में पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी तैनात कर दी गई है।

### आम सूचना

मैं श्रीमती लिलाबाई नागनाथ पानीभाते सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, धोबीघाट, कमला नेहरु नगर, शिव मंदिर के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ014072400) श्री नागनाथ मल्हारी पानीभाते का 6.11.2007 को निधन हुआ है। उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती अंबिका जगदीश सपार, श्रीमती वर्षा श्रीकांत शिंगाडे व श्री गणेश नागनाथ पानीभाते के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 6.6.2024 सी.नं. 71/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती लिलाबाई नागनाथ पानीभाते**

### आम सूचना

मैं श्री मुस्ताकिन वकील खान सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, ब्लॉक ए/12 के पीछे, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 09एओ014959500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सत्या रविंद्रप्रसाद श्रीवास्तव के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.6.2024 सी.नं. 64/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मुस्ताकिन वकील खान**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099